**प्रेस नोट दिनांक 03-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी एवं पुलिस लाइन्स परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।**

आज दिनांक 03-03-2023 को अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थगर द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा भोजनालय, क्वार्टर गार्द आदि का निरीक्षण किया गया व पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता सहित लाइन्स के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी तथा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

**प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 03-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर**

**अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत थानावार कराए गए वोटिंग में सिद्धार्थनगर पुलिस को 11635 लोगों द्वारा दिया गया अपना फीडबैक। सर्वाधिक अंक प्राप्त करके थाना शिवनगर डिड़ई प्रथम स्थान, थाना लोटन दूसरे स्थान व थाना पथरा बाजार तृतीय स्थान पर रहें।**

अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर श्री अखिल कुमार द्वारा थानावार कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग/सर्वेक्षण के अन्तर्गत अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के सफल पर्यवेक्षण में जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस0 एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों (प्रथम सूचना रिपोर्ट/एनसीआर) के सम्बन्ध में माह जनवरी, 2023 की कार्यप्रणाली की वोटिंग में जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त थानों को डायरेक्ट पोल पर 5614, ट्वीटर पोल पर 3798, वादियों द्वारा पंजीकृत कराए गए एफ0आई0आर0/एन0सी0आर0 पर 207, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र में 1673 व आई0जी0आर0एस0 में 343, व्यक्ति कुल 11635 व्यक्तियों द्वारा अपना-अपना फीड बैक दिया गया। जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त थानों के कार्यों का थानावार मूल्यांकन कराया गया, जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करके थाना शिवनगर डिड़ई प्रथम स्थान, थाना लोटन दूसरे स्थान व थाना पथरा बाजार तृतीय स्थान पर रहें, इसी प्रकार क्रमशः 04. थाना मोहाना, 05. महिला थाना, 06. थाना जोगिया उदयपुर, 07. थाना गोल्हौरा, 08. थाना

बांसी, 09. थाना खेसरहा , 10. थाना सिद्धार्थनगर, 11. थाना कठेला समय माता, 12. थाना इटवा, 13. थाना उसका बाजार, 14. थाना कपिलवस्तु, 15. थाना चिल्हिया, 16. थाना डुमरियागंज, 17. थाना त्रिलोकपुर, 18. थाना शोहरतगढ़, 19. थाना मिश्रौलिया, 20. थाना ढ़ेबरुआ, 21. थाना भवानीगंज स्थान प्राप्त किये।

**प्रेस नोटःदिनांक 03.03.2023 जनपद सिद्धार्थनगर**

**यातायात पुलिस टीम द्वारा पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से पकड़ी चौराहा, हाईडील तिराहा , साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर यातायात जागरुकता से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार किया गया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 87 वाहनों से ₹ 90,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी।**

आज दिनांक 03.03.2023 को अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व गर्वित सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल निर्देशन में अमरेश कुमार, प्रभारी यातायात द्वारा पकड़ी चौराहा, हाईडील तिराहा , साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया एवं रिफ्लेक्टर चस्पा किया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 87 वाहनों से 90500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी एवं 02 वाहनों के वाहन चालकों द्वारा नशे की हालात मे वाहन चलाने पर चालान किया गया तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट दिनांक 03-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर**

**महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 01 परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 03-03-2023 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई जिसमें परामर्श के बाद 01 पत्रावली का सफल निस्तारण कर परिवार को बिखरने से बचाया गया तथा शेष 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है , 01परिवार को बिखरने से बचाने मे महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान म0हे0का0 सविता सिंह व म0आ0 अनिशा सरोज व म0 आ0 प्रियम्बदा सिंह म0आ0नेहा सिंह महत्वपूर्ण योगदान रहा।-

**निस्तारित पत्रावली का विववण-**

1. शबनम खातून पत्नी इरफान खान साकिन हथपरा ,थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>प्रेस नोट दिनांक 03-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>**

**आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया।**

आज दिनांक 03-03-2023 को जनपद सिद्धार्थनगर में स्थित कलेक्ट्रेट सभागार भवन में श्री संजीव रंजन, जिलाधिकारी, जनपद सिद्धार्थनगर तथा श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें तथा ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी व्यक्ति/सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

मीटिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी जनपद सिद्धार्थनगर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर तथा समस्त उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष व एस0एस0बी0 के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।